पत्र संख्या बि0पु0अ0से0आ0/परीक्षा-01/04-2019-105/ दिनांक-09.02.2021

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग का कार्यालय,

संतोष मैन्शन, बी0 ब्लॉक, आर0पी0एस0 विधि महाविद्यालय के निकट,

रघुनाथ पथ, पटना - 801503

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,
बिहार, पटना ।

सेवा में,

सम्पादक,
दैनिक भास्कर (पटना संस्करण),
बिहार, पटना ।

विषयः- **समाचार-पत्र दैनिक भास्कर के दिनांक-18 जनवरी, 2021 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''संयोग या सेटिंग'' के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

निदेशानुसार ध्यानाकृष्ट करते हुए कहना है कि आयोग के विज्ञापन संख्या-01/2019 के अंतर्गत पुलिस अवर निरीक्षक, सार्जेंट, सहायक अधीक्षक कारा के पदों की रिक्तियों के विरूद्ध आयोजित की गयी मुख्य लिखित परीक्षा के परीक्षाफल प्रकाशन के उपरांत दैनिक भास्कर के दिनांक-18 जनवरी, 2021 के अंक में शीर्षक ''संयोग या सेटिंग'' के अंतर्गत यह खबर प्रकाशित की गयी कि उक्त मुख्य परीक्षा में एक ही सीरीज में लगातार रौल नम्बर के अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुये है ।

ज्ञातव्य हो कि उक्त खबर प्रकाशन के उपरांत प्रकाशित खबर को आधार बनाकर विभिन्न यूट्यूब चैनलों पर आयोग द्वारा प्रकाशित 01/2019 के मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के बारे में कई तरह का भ्रम फैलाया जा रहा है ।

उक्त प्रकाशित खबर के संदर्भ में आप स्पष्ट करना चाहेंगे कि एक ही सीरीज में लगातार रौल नम्बर के अभ्यर्थी के सफल होने पर शीर्षक ''संयोग या सेटिंग'' देने के सम्बन्ध में क्या आपके पास कोई साक्ष्य उपलब्ध है ? उक्त संदर्भ में आपके पास अगर कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है तो प्रकाशित खबर का खंडन किया जाना अपेक्षित है ।

उपरोक्त तथ्यों के सम्बन्ध में यथाशीघ्र वस्तुस्थिति स्पष्ट करने का कष्ट किया जाए ।

विश्वासभाजन,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,
बिहार, पटना ।